हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 19 जून 2024

तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री



सिविल लाइन थाना के सामने डिवाइडर बन जाने से वाहन चालक रॉंग साइड से जा रहे हैं। इससे हादसे का डर बना रहता है।



## खबर संक्षेप

### छग चेंबर आफ कामर्स का मुद्रा लोन मेला आज

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज बिलासपुर एवं कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स 'कैट' बिलासपुर के संयुक्त प्रयास से 19 जून को मुद्रा लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। कैट बिलासपुर के सचिव हिरानंद जयसिंह ने बताया कि लोन मेला 19 जून को शाम 5 बजे से 7 बजे तक शिव टाकीज चौक स्थित होटल जीत कान्टिनेंटल में लगाया जा रहा है। इसमें जीएसटी विशेषज्ञ सीए कपिल सचदेव शाम 5 से 6 बजे योजना के विषय में जानकारी देंगे। वहीं तकनीकी व बैंकिंग विशेषज्ञ सीएम मुकेश मोटवानी शाम 6 बजे से 7 बजे तकमुद्रा लोन के संबंध में जानकारी देंगे। मुद्रा लोन मेला में राजू सलूजा, किशोर पंजवानी, हीरानंद जयसिंग व चेंबर के सदस्य मौजूद रहेंगे।

### आयकर टीडीएस के संबंध में प्रशिक्षण आज

**बिलासपुर**। आयकर विभाग द्वारा जिला कोषालय के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए आयकर टीडीएस के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 जून को जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में शाम 4 बजे से किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी जसपाल सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में जिला मुख्यालय स्थित समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने संबंधित कर्मचारी सहित प्रशिक्षण में शामिल होंगे। साथ ही जिला मुख्यालय से भिन्न डीडीओ भी ऑनलाइन गूगलमीट के माध्यम से जुड़ेंगे।

### स्वच्छ भारत मिशन की संभागीय बैठक आज

**बिलासपुर**। स्वच्छ भारत मिशन की संभागीय बैठक 19 जून को आयोजित की जा रही है। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संचालक चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार में होगी। बैठक में बिलासपुर संभाग के सभी जिलों के स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक, सलाहकार, विकासखंड समन्वयक व कलस्टर समन्वयक को जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### इग्नू में कोर्स के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर**। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स में जुलाई सत्र के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू है। इसके लिए 30 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसी तरह जुलाई सत्र के लिए पुनः पंजीकरण द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं सेमेस्टर आधारित कार्यक्रम के लिए भी अंतिम तारीख 30 जून है। विभिन्न कोर्स के लिए प्रोस्पेक्टस और प्रवेश को लेकर अन्य जानकारी इग्नू की वेबसाइट http://www.ignou.ac.in में उपलब्ध है। वेबसाइट से प्रवेश संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ पाठ्यक्रमों से संबंधित विभिन्न जानकारियां ली जा सकती हैं।

### सामान्य सभा व प्रशासन समिति की बैठक कल

**बिलासपुर**। जिला पंचायत की बैठक 20 जून को जिला पंचायत सभा कक्ष में होगी। इसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान करेंगे। सामान्य सभा की बैठक सुबह 11 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से होगी। बैठक के लिए एजेण्डा का निर्धारण कर लिया गया है। जिंप सीईओ रामप्रसाद चौहान ने बताया कि बैठक में सभी विभाग के काम-काज की समीक्षा होगी।

# केन्द्र ने कहा, बिना डीवीएआर लगाए नाइट लैंडिंग की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा दाई एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम केंद्र और राज्य सरकार के बीच साल भर से अटका हुआ है। दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सैटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग करने केंद्र शासन के समक्ष आवेदन किया गया है, लेकिन केंद्र सरकार के संस्थान डीजीसीए और अलायंस एयर दोनों ही पहले से चली आ रही डीवीएआर तकनीक के पक्षधर हैं। एयरक्राट लाइंग के नियम कानून के मुताबिक जब तक डीजीसीए इस तकनीक के उपयोग की मंजूरी नहीं देगा तब तक बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग का काम आगे नहीं बढ़ेगा। हाईकोर्ट में भी इस मामले की लगातार सुनवाई चल रही है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

तमाम कोशिशों और संघर्षों के बाद भी बिलासपुर में बेहतर और नियमित हवाई सेवा नहीं मिल सकी है। तीन साल पहले बिलासपुर एयरपोर्ट से एक मार्च 2021 से दिल्ली-जबलपुर-बिलासपुर-प्रयागराज सेक्टर में नियमित घरेलू विमान सेवा की शुरुआत की गई थी। उस समय दावा किया गया था कि जल्द ही नाइट लैंडिंग के साथ दूसरे बड़े शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होगी, लेकिन इसके उल्टा हुआ और कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पिछले एक साल में 10 फ्लाइट बंद की जा चुकी है। अलायंस एयर कंपनी ने यात्री नहीं मिलने की बात कहते विमान सेवा बंद की है।

### राज्य सरकार सैटेलाइट पर आधारित तकनीक की पक्षधर




» बिलासपुर एयरपोर्ट में इसलिए ही काम साल भर से अटका पड़ा

» हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई आज याचिकाकर्ता रखेंगे अपना पक्ष

### डीवीएआर लगाना जरूरी

ज्ञात हो कि नाइट लैंडिंग के मामले में हाईकोर्ट में पिछले दिनों हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा नाइट लैंडिंग के लिए सैटेलाइट तकनीक के लिए पत्र लिखा गया था। मामले में 18 अप्रैल को केन्द्र सरकार ने जवाब पेश कर दिया है। इसमें कहा गया कि नाइट लैंडिंग के लिए डीवीएआर तकनीक लगाया जाना जरूरी है। इसके बिना अनुमति नहीं दी जा सकती। दूसरी ओर कोर्ट में एविएशन विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज जायसवाल और बिलासपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन विरेन सिंह ने बताया है कि राज्य सरकार ने नाइट लैंडिंग के लिए केन्द्र सरकार के डीजीसीए से सैटेलाइट तकनीक का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। इस कारण काम पिछड़ रहा है। हाईकोर्ट ने डीजीसीए और केन्द्र सरकार से इस पर जवाब मांगा। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह केन्द्र को लिखे हुए दोनों पत्र हाईकोर्ट में प्रस्तुत करें।

### कम विजिबिलिटी में भी उड़ान भर सकेंगे फ्लाइट

दूसरी ओर बिलासपुर एयरपोर्ट को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन से स्पेशल वीएफआर आपरेशन की अनुमति मिल गई है। इस अनुमति के तहत 1500 मीटर तक की विजिबिलिटी में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। ध्यान रहे कि 1500 मीटर से कम की दृश्यता (विजिबिलिटी) बिलासपुर एयरपोर्ट में कभी भी रिकॉर्ड नहीं की गई है। अधिकारियों के मुताबिक सामान्यतया किसी भी विमान की लैंडिंग के लिए न्यूनतम दृश्यता की जरूरत 5000 मीटर होती है, लेकिन चकरभाठा एयरपोर्ट के स्थानीय स्टाफ को स्पेशल वीएफआर के संचालन के लिए हाल ही में 7 दिनों की ट्रेनिंग भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय द्वारा दी जा चुकी है। इससे पहले 5000 मीटर से कम की विजिबिलिटी होने पर बिलासपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट नहीं उतर पाती थी और उसे कैंसिल या डाइवर्ट करना पड़ता था।

# मौसम ने दिखाए कई रंग : दिन का पारा 41*, दोपहर में चिलचिलाती धूप, शाम को झमाझम बारिश, रात को ठंड का अहसास

**बिलासपुर**। मंगलवार को मौसम ने अपने सभी रंग दिखाए। दोपहर में चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। लेकिन शाम होते ही एकाएक मौसम में बदलाव हुआ। शाम 5:32 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। तकरीबन घंटे भर तक हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं देर रात चली हवाओं ने ठंड का भी अहसास कराया। इस दौरान तालापारा के कुछ घरों में भी पानी घुस गया।

दरअसल बीते दो तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कभी अचानक धूप निकल जाती है तो कभी दिनभर बदली और एकाएक बारिश हो रही है। मंगलवार को सुबह से ही धूप निकली हुई थी। दोपहर में तापमान 41.2 डिग्री तक पहुंच गया जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल हो गया। चिपचिपाती उमस से लोग परेशान रहे। लेकिन शाम होते ही अचानक बदली के साथ ही झमाझम बारिश शुरू हुई। जिसके चलते लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।



मंगलवार शाम हुई एक घंटे की बारिश से सड़कों पर पानी भर गया।

### पिछड़ने लगी बारिश 21% कम गिरा पानी

प्री-मानसून के साथ ही बिलासपुर जिले में बारिश पिछड़ने लगी है। 1 जून से अब तक 35.5 मिमी बारिश हुई है। जबकि अब तक 44.8 मिमी बारिश हो जानी चाहिए थी। मौसम विभाग के आंकड़ों के हिसाब से बिलासपुर जिले में अब तक 21 % कम बारिश हुई है। हालांकि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश के अनुमान भी विभाग ने लगाए हैं।

### प्रमुख जिलों के तापमान

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 41.2 डिग्री |
| रायपुर | 41.4 डिग्री |
| पेण्ड्रारोड | 38.2 डिग्री |
| अंबिकापुर | 38.2 डिग्री |
| जगदलपुर | 36.6 डिग्री |
| दुर्ग | 39.6 डिग्री |
| राजनांदगांव | 40.5 डिग्री |

# दुकानों के आवंटन को चुनौती देने दायर याचिका पर आज भी होगी सुनवाई



**बिलासपुर**। सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग के भूतल पर दुकान निर्माण और बिना आरक्षण नियमों के तहत दुकानों के आवंटन को चुनौती देने दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। मामले में आज बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। इससे पहले चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने राज्य शासन और बिलासपुर स्मार्ट सिटी कंपनी को इस जनहित याचिका पर जवाब देने के लिए निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का तर्क था कि स्मार्ट सिटी का स्वामित्व राज्य सरकार और नगर निगम का है इसलिए वह सरकारी कंपनी है और उस पर निगम के आरक्षण नियम पूरी तरह लागू होते हैं। दुकानों का निर्माण बिना नक्शा पास किए और भूखण्ड का स्वामित्व नहीं होने को भी चुनौती का आधार बनाया गया। गौरतलब है कि स्वयं शासन ने स्वीकार किया कि पहले दुकानों की निर्माण की कोई योजना नहीं थी और केवल कार पार्किंग बनाई जा रही थी परन्तु बाद में पुलिस विभाग के लिए मकानों के निर्माण के लिए धन राशि की व्यवस्था करने हेतु दुकानें निर्मित की गई है। याचिकाकर्ता नंद किशोर राज कार्यकर्ता गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और महेश दुबे टाटा ने याचिका के साथ कार पार्किंग और दुकानों के फोटो ग्राफ भी लगाए थे।

■ सिटी कोतवाली परिसर में मल्टी लेवल कार पार्किंग के भूतल पर दुकान निर्माण का मामला

### प्रक्रिया का पालन हो

याचिका में मंगलवार को हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने महाधिवक्ता से दुकान आवंटन में आरक्षण के सवाल पर यह कहा कि, शासन भी अपनी नियुक्तियों में आरक्षण का प्रावधान रखता है। इन पदों के रिक्त रहने पर एक प्रक्रिया अपनानी पड़ती है उसी तरह यहां भी होनी चाहिए। इस मामले में बहस अधूरी रही, इसलिए कल बुधवार को भी डीविजन बेंच में सुनवाई जारी रहेगी।

## घंटों बंद रही सप्लाई : एक बार फिर फाल्ट खोजने परेशान होते रहे कर्मचारी

# बारिश के बाद चरमराई बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

झमाझम बारिश के बाद एक बार फिर बिजली व्यवस्था चरमरा गई। शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में शाम होते ही अंधेरा छा गया। इस दौरान जहां लाइन ब्रेकडाउन हो गई, वहीं फीडर में फाल्ट की समस्या के कारण रात भर बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

जिले में निर्बाध बिजली व्यवस्था का दावा झूठा साबित हो रहा है। दिन के साथ ही रात में कई बार बिजली बंद हो रही है। वहीं विभाग के अधिकारी महज गाल बजा रहे हैं। मंगलवार को भी शाम को हुई झमाझम बारिश के बाद बिजली गुल रही। इस दौरान बृहस्पति बाजार सबस्टेशन से निकलने वाले कुदूदंड फीडर और सदर बाजार फीडर शाम के बाद से ही बंद रहे, बिजली कर्मचारी रात 8.30 बजे तक फाल्ट खोजते रहे, इसके साथ ही चांटीडीह, अशोक नगर, तिफरा में लाइन ब्रेक डाउन होन के कारण 4 घंटे तक बिजली बंद रही। उमस और गर्मी के चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



### सदर बाजार, कुदूदंड फीडर, अशोक नगर फीडर घंटों बंद

#### लैंड लाइन होने के चलते आती है समस्या

उपभोक्ताओं की परेशानी ये है कि ज्यादातर जगहों पर बिजली विभाग का फ्यूजकॉल सेंटर लैंड लाइन पर चल रहा है। ये हमेशा बिजी मोड पर ही रहता है। उपभोक्ताओं ने कई बार बिजली विभाग से मांग की है कि इन फ्यूज कॉल सेंटर में कार्यरत आपरेटर के नंबर सार्वजनिक किए जाएं लेकिन इसके बावजूद विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### तिफरा में नहीं सुधर रही व्यवस्था



तिफरा सबस्टेशन से नजदीक बने यदुनंदन नगर और तिफरा क्षेत्र का हाल बेहाल है। यहां आए दिन बिजली बंद की समस्या रहती है। बताया जा रहा है क्षेत्र में हुकिंग करने वालों की संख्या ज्यादा है, जिसके चलते ट्रांसफार्मर और फीडर में लोड बढ़ने लगा है और बार बार ट्रीपिंग की समस्या सामने आ रही है। वहीं विभाग के पास ट्रांसफार्मर की कैपिसिटी बढ़ाने के लिए फंड का अभाव है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को बंद का सामना करना पड़ रहा है।

# 115 से अधिक ट्रेनें रद्द, 5 लाख से अधिक का टिकट रेलवे ने किया रिफंड



**बिलासपुर**। जोन से गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सेवाओं और सुविधाओं में विस्तार का हवाला देकर रेलवे ने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 115 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में जिन यात्रियों ने सफर के लिए टिकट कटाया था। अब रेलवे उन्हें रिफंड देने में लगी हुई है। अब तक 5 लाख से अधिक का रिफंड दिया जा चुका है। ट्रेनें 19 जून से 10 जुलाई तक अलग-अलग दिनों में नहीं चलेंगी। इसकी वजह से कोलकाता, बिहार, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में जाने वाले यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। रेलवे ने भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के लिए नान इंटरलाकिंग कार्य शुरू किया गया है। इसके कारण 10 जुलाई तक अलग-अलग तारीखों में ट्रेनें रद्द की गई है।

■ ऑनलाइन वालों को ऐप में तो ऑफलाइन वालों को काउंटर में 100% राशि हो रही वापस

### पूरी राशि वापस कर रही रेलवे

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जो ट्रेनें रद्द हुई है, उसे रेलवे ने खुद ही रद्द किया है। ऐसे में जो यात्री टिकट कटा चुके हैं, उन्हें किराए के रूप में दी गई पूरी राशि वापस की जा रही है। इसमें आईआरसीटीसी व अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म से टिकट कटाने पर पैसा उसी एकाउंट में जमा हो रहा है। जिन यात्रियों ने ऑफलाइन टिकट कटाया है, उन्हें स्टेशन के काउंटर पर आने पर टिकट का रिफंड दिया जा रहा है। एक तरफ ट्रेन कैंसिल होने से यात्री परेशान हुए, अब रिफंड पाने के लिए भी स्टेशन के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं।

## जिले के स्कूलों में 1580 शिक्षकों की कमी, इसलिए बच्चे छोड़ रहे स्कूल

# 88 सरकारी स्कूलों में एक शिक्षक, 8 में एक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। ऐसे में बोर्ड के साथ ही होम एग्जाम के रिजल्ट भी खराब आ रहे हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर गिरने के कारण ज्यादातर अभिभावक बच्चों को निजी स्कूलों में भर्ती करा रहे हैं। 26 जून से नए शिक्षण सत्र की शुरुवात होने वाली है। जबकि बिलासपुर जिले के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों के 1580 पद रिक्त हैं। इसमें 138 व्याख्याता, 358 शिक्षक और 1084 पद सहायक शिक्षक के खाली पड़े हैं। शिक्षा विभाग द्वारा कई बार इन पदों पर शिक्षकों की भर्ती के लिए शासन को पत्र लिखा जा चुका है। इसके बाद भी सालों से इन पदों पर शिक्षकों की पोस्टिंग नहीं हुई है।

■ इस बार नए सत्र की शुरुवात भी ऐसी, पढ़ाई में पड़ेगा प्रभाव

इसके अलावा जिले के 88 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे हैं। इतना ही नहीं जिले के 8 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी शिक्षक नहीं है। दूसरे स्कूलों के शिक्षकों को कभी-कभार पढ़ाने के लिए यहां डयूटी लगा दी जाती है। कई बार मांग करने के बाद भी जिले में पर्याप्त शिक्षकों की ज्वानिंग नहीं हो पाई है। ऐसे में ये नया शिक्षण सत्र भी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के साथ ही शुरु होगी।

### सरकारी स्कूल में पढ़ाई का गिरता जा रहा ग्राफ

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई का ग्राफ गिरता जा रहा है। जबकि शासन एक-एक शिक्षकों के पिछले 70 से 80 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन सहित अन्य भत्तों में खर्च करती हैं। इसके बाद भी सरकारी स्कूल के बच्चे न तो ठी से संस्कृत पढ़ पाते है न तो ठीक से अंग्रेजी पढ़ और लिख पाते है। इतना ही नहीं गणित के सवाल भी हल नहीं कर पाते। इसका सबसे बड़ा कारण विषय शिक्षकों की कमी है। हिन्दी और संस्कृत के शिक्षक अंग्रेजी और गणित की कक्षा भी ले रहे है।




### 40 प्रतिशत बच्चे बोर्ड में हो गए फेल

स्कूलों में शिक्षकों की कमी का दूसरा प्रभाव यह भी देखा गया कि इसबार बोर्ड परीक्षा के परिणाम काफी खराब आए हैं। इस बार 10 वीं और 12 वीं कक्षा के 40 प्रतिशत बच्चे फेल हुए हैं। पिछले दिनों इसे लेकर कलेक्टर ने समीक्षा बैठक रखी थी। इसमें यह बात भी सामने आई की शिक्षा विभाग में सीमित शिक्षक पदस्थ हैं। ऐसे में जनगणना से लेकर चुनाव के काम में इन्हें समय-समय पर ड्यूटी लगा दी जाती हैं। ऐसे में शिक्षकों की कमी के कारण समय पर कोर्स पूरा नहीं हो पता जिसके कारण ज्यादातार बच्चे फेल हो जा रहे है।

### 4175 बच्चों ने बीच में ही छोड़ दी पढ़ाई

स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में स्कूल ड्रापआउट बच्चों का एक आंकड़ा जारी किया है। इसमें पिछले चार साल के भीतर 4175 बच्चों ने स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी है। सर्वाधिक 1521 बच्चों ने 2023 में पढ़ाई छोड़ी है। इसके साथ ही वर्ष 2022 में 1490, वर्ष 2021 में 645 और वर्ष 2020 में 519 बच्चों से बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। वर्ष 2023-24 का सर्वे अभी भी शिक्षा विभाग करा रहा है। अधिकतर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के कारण पालक बच्चों को निजी स्कूल में भी भर्ती करा रहे हैं।

### शासन को भेजी है जानकारी

जिले के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर शासन को जानकारी भेजी गई है। जिन स्कूलों में एकल शिक्षक है, वहां अतिशेष शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। शिक्षक विहीन स्कूलों को भी चिन्हांकित कर वहां शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी।

**- टीआर साहू,** डीईओ बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### कबीर प्रकट उत्सव कल से, होगा भजन कीर्तन, सदगुरू भंडारा

**बिलासपुर।** सद्गुरु कबीर धनी धर्म दास वंसावली सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर प्रकट उत्सव गुरुवार 20 जून से जरहभाठा में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के राकेश व मुन्ना दास मानिकपुरी ने बताया कि 20 जून को शाम 5 बजे दीप प्रज्वलन एवं प्रवचन, भजन, कीर्तन, सद्गुरु भंडारा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन शुक्रवार 21 जून सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ, दोपहर 12 बजे से सात्विक आनंदी चौका आरती, सद्गुरु भंडारा तथा शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुरुनानक देव गुरुद्वारा दयालबंद से आरंभ होकर गांधी चौक होते हुए सद्गुरु कबीर साहेब चौक शेफर्ड स्कूल के पास संपन्न होगा। आयोजन को सफल बनाने समिति के निर्णायक अमरु दास दीवान, महंत लीला दास, महंत मुरली दास, मुन्ना दास, भगवान दास, रतन दास, मनहरण दास, गणेश दास, बबलू दास, समारु दास, सोहन दास, अभिषेक दास, साहेब दास आदि जुटे हैं।

### 29 व 30 को रद्द रहेगी शालीमार-उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण रेललाइन का कार्य किया जा रहा है। इस दूसरी रेललाइन को मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। यह कार्य 16 जून से 10 जुलाई तक अलग अलग तिथियों में किया जाएगा। वहीं शालीमार-उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द होने की तिथि संशोधित की गई है। इस कार्य प्रारंभ होने पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कुछ यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द होने वाली ट्रेनों में 29 जून को उदयपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं 30 जून को शालीमार से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### हमारा खान पान ऐसा हो, जिससे पाचन तंत्र हमेशा स्वस्थ रहेः डा. बसंत



**बिलासपुर।** पतंजलि योग समिति द्वारा रामाग्रीन सिटी में तीन दिवसीय निःशुल्क योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ डा. अनिल साहू, के. श्रीनिवास एवं रघुराज सिंह गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक डा. बसंत सोनी ने बताया कि योग हमें प्रकृति से जोड़ता है, विकृतियों से दूर करता है। व्यक्ति प्रकृति के जितने करीब होगा, रोगों से उतना ही दूर होगा। हमेशा स्वस्थ एवं प्रसन्न अनुभव करेगा। उन्होंने कहा कि हमारा खानपान ऐसा हो जिससे पाचन तंत्र हमेशा स्वस्थ रहे। पेट के अस्वस्थ होने से ही सभी बीमारियों का जन्म होता है। डा. सोनी ने शिविरार्थियों को भस्त्रिका, कपालभाति, अग्निसार क्रिया, उज्जायी, प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही थायराइड, शुगर, ब्लड प्रेशर से निजात पाने एवं बच्चों का कद बढ़ाने के लिए संबंधित विशेष आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार पूरे शरीर को पूर्ण आरोग्य प्रदान करता है। डा. अनिल साहू ने बताया कि सामान्य तौर पर व्यक्ति को प्रतिदिन ढाई से तीन लीटर पानी पीना चाहिए। पानी की पूर्ति करने वाले फलों का सेवन करना चाहिए। रघुराज सिंह गौतम ने योगाभ्यास के समय होने वाली गलतियों का समाधान किया। शिविर में विनोद तिवारी, लक्ष्मी सोनी, सुमन सोनी, एस गौतम, आर तिवारी आदि का योगदान रहा।

### विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**बिलासपुर।** 29 जुलाई से 3 अगस्त तक अखिल भारतीय स्तर पर विशेष लोक अदालत लगाई जाएगी। इसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव आशीष डहरिया ने बताया कि विशेष लोक अदालत के लिए सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित प्रकरण लंबित हैं। इसकी सूची में दुर्ग जिले के 22 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिह्नांकित किया गया है। विशेष लोक अदालत के अंतर्गत जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में प्री-सीटिंग की जाएगी। इसमें वरिष्ठतम न्यायाधीश दोनों पक्षों के बीच राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करेंगे। प्रकरणों के निराकरण के लिए होने वाली प्री सीटिंग में उपस्थित होने के लिए पक्षकारों को सूचना भेजी जा रही है। विशेष लोक अदालत में चिन्हांकित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# ओपन हुआ पोर्टल, सवा सौ विद्यार्थियों ने कराया आनलाइन रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कालेजों में मंगलवार को एडमिशन के लिए पोर्टल ओपन हो गया। पहले ही दिन पोर्टल विलंब से ओपन हुआ, जिसके चलते दोपहर तक फ्रेशर छात्र-छात्राएं परेशान होते रहे। पोर्टल ओपन होने के बाद फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन के लिए लगभग सवा सौ विद्यार्थियों ने अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है।

■ पहले ही दिन देर से ओपन हुआ पोर्टल, इंतजार करते रहे विद्यार्थी

उच्च शिक्षा विभाग के प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के अनुसार 16 जून से नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाना था, किन्तु 16 व 17 जून को शासकीय अवकाश पड़ने के कारण दो दिन बाद 18 तारीख मंगलवार से कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया चालू हुई। उस पर भी अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी का प्रवेश पोर्टल समय पर ओपन नहीं हुआ। फ्रेशर छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए अपना आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने साइबर कैफे या स्वयं के लैपटाप, कंप्यूटर पर जाकर बार-बार यूनिवर्सिटी का पोर्टल ओपन करने का प्रयास करते रहे।

दोपहर बाद पोर्टल ओपन होने लगा, उसके बाद आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो पाई। कालेजों में प्रवेश के लिए पोर्टल ओपन होते ही पहले दिन लगभग सवा सौ छात्र-छात्राओं ने स्नातक फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।



**एयू अंतर्गत कालेजों में सीटें**

| | | |
|---|---|---|
| बीए फर्स्ट ईयर | - | 11580 |
| बीएससी फर्स्ट ईयर मैथ्स | - | 4387 |
| बीएससी फर्स्ट ईयर बायो | - | 6868 |
| बीकॉम फर्स्ट ईयर | - | 7355 |
| बीसीए फर्स्ट ईयर | - | 229 |

### 10 जुलाई को निकलेगी पहली मेरिट सूची

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में सत्र 2024-25 में स्नातक फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 8 जुलाई तक है। 8 जुलाई रात 12 बजे यूनिवर्सिटी द्वारा कालेजों में आनलाइन माध्यम से संस्था के डेशबोर्ड पर आवेदित छात्रों की सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। इसी सूची से मेरिट सूची तैयार कर कालेजों द्वारा 10 जुलाई को पहली मेरिट सूची निकाली जाएगी।

### कुछ विद्यार्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में नए सत्र में आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए मंगलवार को पोर्टल ओपन हो गया है। पहले दिन कुछ छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया है। इसके साथ ही अधिसूचना भी जारी कर दी गई है जिसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि से लेकर मेरिट सूची जारी करने की तिथि निर्धारित कर दी गई है।

-शैलेन्द्र दुबे, रजिस्ट्रार, एयू

# बलौदा बाजार की घटना पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



नेहरू चौक पर प्रदर्शन के दौरान संबोधित करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर /ग्रामीण) द्वारा मंगलवार को नेहरू चौक में प्रदेश सरकार की नाकामियों एवं लचर कानून व्यवस्था के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं विधायक रामकुमार यादव विशेष रुप से उपस्थित थे। धरने में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही अपराधियों का बोलबाला हो गया है। मुख्यमंत्री साय से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। अपराधी बड़ी बड़ी घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्हें कानून का कोई डर,भय नहीं रहा है। लूटपाट, मर्डर, बच्चियों के साथ रेप एक आम घटना हो गई है। छत्तीसगढ़ का मैदानी इलाका जो शांत जोन के नाम से जाना जाता है, पर पिछले छः माह से छत्तीसगढ़ में हर कोई असुरक्षित महसूस कर रहा है। अब तो प्रशासनिक अधिकारी भी भय ग्रस्त है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बलौदा बाजार की घटना ऐतिहासिक है ,जहां कलेक्टर ,एसपी आफिस को ही भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। धरने में महापौर रामशरण यादव, सभापति शेख नजीरुद्दीन, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, सियाराम कौशिक, प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, ऋषि पांडे सहित बड़ी संख्या में बिल्हा,तखतपुर, बेलतरा, मस्तूरी, रतनपुर, बेलगहना, सीपत तिफरा, सिरगिट्टी से कांग्रेसी शामिल हुए।

**अपराध में छत्त सबसे उपर**
शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि लगातार अपराध होने से देश में छत्तीसगढ़ सबसे पहुंच गया है। गत दिनों बलौदा बाजार की घटना से राज्य के लॉ एंड आर्डर की पोल खुल गई।

**अपराध रोकने सरकार विफल**
जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध रोकने में सरकार विफल है।

**बिजली में भी बड़ा भ्रष्टाचार**
कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि आज पूरा छत्तीसगढ़ भीषण गर्मी में रहने के लिए मजबूर है। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है पर आए दिन बिजली गुल हो जा रही है। उन्होंने दावा किया कि बिजली गुल के पीछे भी कोई बड़ा भ्रष्टाचार खेला जा रहा है।

**चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ी**
मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं हो रही हैं। छोटे छोटे बच्चे अपराध कर रहे हैं ,बच्चे नशे की आदी होकर छोटी छोटी बातों पर चाकू चला रहे है।

### योग दिवसः बहतराई स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 को

**बिलासपुर।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने संबंधित अधिकारियों एवं योग संस्थाओं के सदस्यों की बैठक लेकर शत-प्रतिशत तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम बहतराई स्टेडियम में होगा। इसके मुख्य अतिथि केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंटरनेशनल डे ऑफ योगा 2024 थीम पर आधारित संदेश को प्रोत्साहित करने ग्राम पंचायत, विकासखंड, नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद में भी सामान्य योग अभ्यास कराया जाएगा। विभिन्न अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व के तहत मंच, टेंट एवं योग स्थल पर आवश्यक बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी गई है। इसी प्रकार साफ-सफाई, पेयजल, साउंड सिस्टम एवं प्रोजक्टर की जिम्मेदारी नगर निगम, विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर लोक निर्माण विभाग, मंच संचालन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं आयुष विभाग को सौंपा गया है। इसी तरह छात्र-छात्राओं सहित सहभागियों की उपस्थिति शिक्षा विभाग, वाहन व्यवस्था परिवहन विभाग, प्रचार-प्रसार एवं फोटो वीडियोग्राफी जनसंपर्क विभाग, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी, पुलिस विभाग, प्राथमिक चिकित्सा का दायित्व स्वास्थ्य विभाग, पुष्प गुच्छ एवं माला उद्यान विभाग, बैनर एवं योग रथ समाज कल्याण विभाग, जलपान व्यवस्था खाद्य विभाग को सौंपा गया है। गौरतलब है कि लोगों में योग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन का विधायक कौशिक के नेतृत्व में आतिशी स्वागत





**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में बिलासपुर लोकसभा से निर्वाचित सांसद तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय मिलने के बाद प्रथम नगर आगमन पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक व भूपेन्द्र सवन्नी के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से तितली चौक, अग्रसेन चौक होते हुए तिलक नगर राम मंदिर तक जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।

बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, भूपेंद्र सवन्नी के नेतृत्व में पांचों मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, बलराम देवांगन, पेंगन वर्मा, कैलाश सिंह, हरी शंकर वर्मा, सेवक साहू, अनिल सूर्या, रितेश अग्रवाल, केतन वर्मा, विनय अग्रवाल, आकाश अग्रवाल (बादल), नीतीश साहू, मोनू मिश्रा, भूनेश्वर रात्रे आदि ने आतिशी स्वागत किया।

# जिले के 89 हजार किसानों के खाते में पहुंचे 18 करोड़



जिला स्तरीय किसान समारोह में विधायक धरमलाल कौशिक व सुशांत सिंह समेत अन्य।

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में आयोजित समारोह में बटन दबाकर किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ की राशि का अंतरण किया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17 वीं किश्त के रूप में देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों को इसका फायदा मिला है।

■ प्रधानमंत्री ने भेजी किसान सम्मान निधि योजना की राशि

योजना के अंतर्गत बिलासपुर जिले की 89 हजार 187 किसानों के खातों में 18.14 करोड़ की राशि जमा कराई गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत चयनित किसानों को साल में 6 हजार रुपए की राशि 3 किश्तों में दी जाती है।

योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने वीसी के जरिए जुड़कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्य अतिथि श्री कौशिक

### सरकार बनते ही पहले फैसला किसानों के हित में लियाः मोदी

वाराणसी में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बाबा विश्वनाथ व मां गंगा के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश सेवा का अवसर मिला है। मां गंगा ने एक तरह से मुझे गोद ले लिया है और मैं अब यहीं का हो गया हूं। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही हमने पहले फैसला किसानों के हित में लिया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना पूरी दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी स्कीम बन चुकी है। सही हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हमने नई तकनीक का उपयोग किया है।

ने इस मौके पर आमगांव और दरीघाट के किसानों को सोयाबीन के बीज पैकेट वितरित किए। श्री कौशिक ने बैंक सखी की तरह कृषि सखी बनाने की प्रधानमंत्री की योजना की प्रशंसा की। समारोह को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भी संबोधित किया।

### सांई शहेरावाले के दिव्य सत्संग में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

# धन गुरु दरबार में मत्था टेक विश्व कल्याण के लिए की अरदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अहमदाबाद के गोधरा शहर से शहर पहुंची पूज्य श्री सांई शहेरावाले के दिव्य सत्संग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जरहाभाठा स्थित धन गुरु नानक दरबार पहुंचकर सांईजी ने मत्था टेका और विश्व कल्याण के लिए अरदास की। दरबार के प्रमुख प्रबंधक बबलू भाई मूलचंद नारवानी ने उनका पाखर पहनाकर सम्मान किया।

इस दौरान ढोल बाजे व आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पूज्य पंचायत भवन सिंधी धर्मशाला



पहुंचने पर महिला विंग द्वारा सांईजी का फूलों की वर्षा व आरती कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर फूलों की माला पहना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, वॉर्ड पंचायत, सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सत्संग में कहा कि गर्व की बात है कि हम सिंधी और हमारे इष्ट देव भगवान झूलेलाल हैं। वरुण देव के अवतार भगवान झूलेलाल के हम वंशज हैं। हमारे पूर्वजों ने तपस्या कर भगवान वरुण देव को प्रसन्न किया तब उनका अवतरण हुआ। उन्होंने कहा कि श्रद्धा-भक्ति से भगवान झूलेलाल की आराधना करेंगे, पल्लो व अखो पाएंगे तो सारे दुख दर्द दूर हो जाएंगे। अगले माह झूलेलाल चालिहा महोत्सव आरंभ होने वाला है। सभी अपने घरों में 40 दिन तक भगवान झूलेलाल की पूजा कर आराधना, सिमरन करें।






साइंस व कॉमर्स स्ट्रीम में छात्रों की रूचि अधिक, अटल विवि के संबद्ध कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू

# शीर्ष कॉलेजों की पहली लिस्ट में कटऑफ जाएगा 80% के पार

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध 125 कॉलेजों के साथ ऑटोनामस कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। इस बार कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है। साइंस व कॉमर्स की स्ट्रीम में छात्रों की रूचि अधिक है। इन सीटों में कटऑफ भी अधिक होगा। मेरिट आधार पर छात्रों को कॉलेजों में प्रवेश दिया जाएगा। शहर के साइंस, जीडीसी, डीपी विप्र, सीएमडी कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में आवेदन शुरू हो गए हैं। जीडीसी कॉलेज के प्रीसिंपल डॉ एसआर कमलेश ने बताया कि यूनिवर्सिटी के पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं। इस बार चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। हर बार की तरह साइंस व कॉमर्स की पहली लिस्ट में सामान्य वर्ग के लिए प्रवेश का कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक ही होगा। इसके बाद दूसरी व तीसरी लिस्ट में कटऑफ कम होगा।



### साइंस कॉलेज प्राथमिकता में पहले

साइंस के छात्रों की पहली पसंद साइंस कॉलेज रहती है। इन कॉलेजों में सर्वाधिक सामान्य वर्ग में कटऑफ 85 प्रतिशत से अधिक भी चला जाता है। प्रिंसिपल ज्योति सिंह ने बताया कि बीएससी साइंस, फिजिक्स, कैमेस्ट्री की पहली लिस्ट में कटऑफ अधिक ही रहता है। पहली व दूसरी लिस्ट तक 70 प्रतिशत के आसपास सीटें भर जाती है।



### कॉमर्स के लिए डीपी, सीएमडी और जीडीसी पहली पसंद

कॉमर्स लेकर पढ़ने वाले स्टूडेंट डीपी विप्र, सीएमडी व जीडीसी कॉलेज को प्रवेश के लिए पहले नंबर पर रखते हैं। इन कॉलेजों में इस विषय में सबसे अधिक कटऑफ गर्ल्स कॉलेज में जाता है। यहां पहली लिस्ट में ही 80 प्रतिशत के आसपास अधिकांश सीटें भर जाती है। कई बार दूसरी व तीसरी लिस्ट में सिर्फ आरक्षित वर्ग को ही प्रवेश मिल पाता है।



### बीए में इस बार कई विकल्प

सीएमडी कॉलेज के प्रिंसिपल संजय सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस बार बीए स्ट्रीम के छात्र कई तरह विकल्प विषयों के साथ स्नातक कर सकते हैं। इस बार बीए में 6 विषयों के समूहों में बांटा गया है, जिसमें नए विषयों के तौर पर फाइन आर्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग, डिफेंस स्टडिज, डांस सहित अन्य विषय बीए में शामिल किए गए हैं।

### ऐसे कर सकते हैं आवेदन

अटल विवि की अधिकारिक बेबसाइट पर जाकर छात्र स्वंय से ही आवेदन कर सकते हैं। प्रति आवेदन छात्रों को 100 रुपए शुल्क लगेगा। मोबाइल नंबर दर्ज होने पर वहीं रजिस्टर्ड होगा, फिर उसी नंबर पर छात्र के पास ओटीपी आएगा, जिससे आवेदन भरा जाएगा। इसके बाद छात्रों को अपना पूरा डिटेल भरना होगा। इसके बाद सब्मिट करना होगा। छात्र एक बार पंजीयन कराने के बाद जितने कॉलेजों में चाहें आवेदन कर सकते हैं।

### पहली लिस्ट जुलाई में

कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। पहली लिस्ट जुलाई की शुरूवात में निकलेगी। शेष सीटों के लिए दूसरी व तीसरी लिस्ट जारी की जाएगी। अंतिम में कुलपति के विशेष अनुमति से अगस्त तक प्रवेश मिल पाएगा।

| कॉलेज | सीट |
|---|---|
| साइंस कॉलेज | 700 |
| बिलासा गर्ल्स डिग्री कॉलेज | 1860 |
| डीपी विप्र कॉलेज | 1700 |
| सीएमडी कॉलेज | 1575 |

## एग्जाम अपडेट

### वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट संशोधन सबंधित प्रश्न पूछे गए



**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा मंगलवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यूजीसी नेट की परीक्षा ली गई। ये परीक्षा दो पाली में हुई। प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 150 प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें से 50 प्रश्न सामान्य अध्ययन के थे एवं 100 प्रश्न विषय वार थे। शहर में जीडीसी सहित 10 केन्द्रों में ये एग्जाम हुए, जिसमें सुबह की पाली में पर्यावरण की परीक्षा हुई। छात्रों ने बताया कि सामान्य पेपर में गणित एवं बौद्धिक बुद्धिमत्ता के प्रश्न पूछे गए थे एवं पर्यावरण विषय में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल, पर्यावरण मूल्यांकन, वाइल्डलाइफ प्रोटक्शन एक्ट संशोधन से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। इस परीक्षा में 4 हजार अभ्यर्थियों में से 3 हजार 600 ने ही परीक्षा दिलवाई। गौरतलब है कि यूजीसी की परीक्षा को असिस्टेंट प्रोफेसर और जूनियर रिसर्च फैलोशिप में पात्रता के लिए ली जाती थी, परंतु इस बार इसमें विभिन्न संस्थाओं में केवल पीएचडी के प्रवेश के लिए भी पात्रता रखी गई है। नेट अभ्यर्थियों के परिणाम तीन कैटेगरी में जारी होंगे, पहली कैटेगरी में अभ्यर्थी जेआरएफ से पीएचडी में प्रवेश पाने और असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे। दूसरी कैटेगरी में अभ्यर्थी जेआरएफ बिना पीएचडी में प्रवेश और असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे। वहीं नेट की तीसरी कैटेगरी में सफल अभ्यर्थी केवल पीएचडी में प्रवेश के लिए ही योग्य होंगे, उन्हें न जेआरएफ मिलेगी और न ही असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे।

**यूजीसी नेट की परीक्षा दो पालियों में संपन्न**

## एजुकेशन अपडेट

### एसएससी ने जारी किए क्लर्क स्टेनोग्राफर के परीक्षा परिणाम

**बिलासपुर।** स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) की ओर से ग्रेड-सी स्टेनोग्राफर एवं अपर डिविजनल क्लर्क डिपार्टमेंटल कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने भी इस भर्ती परीक्षा में भाग लिया था, वे एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। रिजल्ट पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है, जिसमें उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर आदि डिटेल दर्ज हैं। जिन भी उम्मीदवारों का नाम इस लिस्ट में दर्ज है वे स्किल टेस्ट के लिए क्वालीफाई माने जाएंगे। सएससी स्टेनोग्राफर एवं अपर डिविजनल क्लर्क भर्ती परीक्षा रिजल्ट चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं। वेबसाइट के होम पेज पर रिजल्ट बटन पर क्लिक करें। अब आपको रिजल्ट से संबंधित पीडीएफ लिंक पर क्लिक करना है। इसके बाद पीडीएफ स्क्रीन पर ओपन हो जायेगा जिसमें आप अपना नाम, रोल नंबर चेक कर सकते हैं।

### अब स्किल टेस्ट के लिए जारी होंगे शेड्यूल

रिजल्ट पीडीएफ में सफल उम्मीदवारों के नाम, पिता का नाम, रोल नंबर एवं डेट ऑफ बर्थ दर्ज है। अभ्यर्थी अपनी सभी डिटेल ध्यान से चेक कर सकते हैं। अगर आपका नाम लिस्ट में दर्ज है तभी आप भर्ती के अगले चरण स्किल टेस्ट में शामिल हो सकेंगे। स्किल टेस्ट के लिए शेड्यूल की घोषणा एसएससी की वेबसाइट पर की जाएगी, इसलिए अभ्यर्थियों को समय-समय पर वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी जाती है।

# निर्जला एकादशी पर भगवान श्याम का हिमाचल के फूलों से हुआ श्रृंगार

**बिलासपुर।** निर्जला एकादशी पर सदर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान का विशेष श्रृंगार व आरती कर आराधना की गई। घोंघा बाबा मंदिर परिसर बिलासपुरधाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में निशान यात्रा निकाली गई। इसमें 121 निशान थे। जिसे मंदिर में चढ़ा कर भगवान के प्रति आस्था जताई गई। निर्जला एकादशी की काफी महत्ता होने के कारण शहर में इसे मंगलवार को बड़े भक्ति भाव से मनाया गया। पूजा के साथ ही कई लोगों ने व्रत भी रखा। बताया जाता है कि एकादशियों में श्रेष्ठ निर्जला एकादशी का व्रत 24 एकादशी के समान अकेले पुण्य प्रदान करने वाला अत्यंत दुर्लभ होता है। श्याम का दिया जीवन श्याम ही संभाले इसी भावना के साथ भक्तों ने अपने आराध्य के लिए इस कठिन व्रत को निराहार निर्जल रहकर पूरा किया।





मंदिरों में हुई विशेष पूजा

### प्रभु के आकर्षक रूप का श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

श्री श्याम मंदिर में श्याम प्रभु के विशेष श्रृंगार के लिए इस बार हिमाचल से पुष्प मंगाए गए थे। इसमें 4 प्रकार के गुलाब, आर्चिंट, तुलसी, सेवंती, गेंदा, मोंगरा, जूही आदि फूल शामिल रहा। इन्हीं फूलों से श्याम भगवान का श्रृंगार किया गया। भगवान के इस आकर्षक रूप का श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन किया।

### निकाली गई निशान यात्रा

निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर से तिलकनगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जो देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। वहां निशान को प्रभु के चरणों में अर्पित की गई।

### भजनों से रिझाए गए बाबा को

रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें कोलकाता से आए भजन गायक श्री बिन्नू अपने द्वारा लिखित भजनों से बाबा को रिझाया गया। भगवान विष्णु व भगवान श्याम पर आधारित भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। अंत में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### महत्वपूर्ण है स्वास्थ्य की दृष्टि से भी

निर्जला एकादशी का व्रत ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को किया जाता है। हिन्दू धर्म में एकादशी व्रत का मात्र धार्मिक महत्त्व ही नहीं है, बल्कि यह व्रत मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत महत्त्वपूर्ण है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना को समर्पित होता है। इस एकादशी का व्रत करके श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए।



# दुर्गा मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विद्या देवी सराफ द्वारा दुर्गा मंदिर बनाने का 40 वर्ष पूर्व लिया गया संकल्प अब पूरा हुआ। इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए ग्राम बैमा नागोई में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए सिर पर कलश लेकर निकली एवं तालाब से जल लेकर दुर्गा मंदिर पहुंची। इसके बाद मंदिर में विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न किया गया।

ज्ञात हो कि 40 वर्ष पूर्व विद्या देवी सराफ ने संकल्प लिया था कि वह यहां दुर्गा मंदिर की स्थापना करेगी। इस संकल्प के लिए उन्होंने 40 वर्ष तक केवल एक समय अन्न ग्रहण किया, इस कठोर संकल्प का ही परिणाम है कि इतने वर्षों बाद दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत और धूमधाम से संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे शामिल हुए। विद्या देवी सराफ का स्वास्थ्य खराब होने के कारण वे इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो सकीं पर उनके परिवार द्वारा पूरे विधि-विधान से मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कलश यात्रा के दौरान बैंड बाजा और आतिशबाजी से लोगों ने इस यात्रा का स्वागत किया।

■ पीले वस्त्र में महिलाओं, बच्चों ने लिया भाग

## समर कैम्प

### बच्चों ने लिया कराते, नाट्य विधा का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** सविता स्मृति स्वरोज फाउंडेशन द्वारा संचालित लेट्ज प्ले स्कूल ऑफ अनस्कूलिंग निसर्ग नीड़ आरके रेसीडेंसी तिफरा में आयोजित छः दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इसमें कराते, नाट्य विधा एवं आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया।

समर कैंप में पुष्पा तिवारी द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। कराते प्रशिक्षक विनय गढ़ेवाल ने उन्होंने बच्चों को कराते मार्शल आर्ट का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया। अग्रज नाट्य दल के आकाश गुप्ते एवं सुनील चिपड़े द्वारा नाट्य विधा की जानकारी देकर बच्चों द्वारा छोटी-छोटी नाटिका तैयार कराई गईं। राविन पुष्प द्वारा बच्चों को खेल-खेल में अनेक जानकरी प्रदान की। दिव्या बाजपेयी ने बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षा में व्यर्थ की वस्तुओं से सुंदर सजावटी और उपयोगी सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया। छः दिन समर कैंप का सफलतापूर्वक संचालन फाउंडेशन की निदेशक शिवा मिश्रा ने किया। समापन कार्यक्रम में पालकों एवं फाउंडेशन के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मुद्दों पर नाटक का मंचन किया। अंत में सभी बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।

**इनकी रही सहभागिता :** समर कैंप में हितिक्षा तिवारी, अग्रिमा तिवारी, हर्ष मिश्रा, शांभवी मिश्रा, अनुराग धृतलहरे, निखिल रात्रे, रजनीश सिंग, मनीष सिंग, आद्विक यादव, शुभी, आयुषी, आर्यन दुबे, दिपेश साहू, चंद्रप्रकाश बघेल, आयुषी शाही, भार्गवी कंवर, वेदांत, आयुष साहू, दिव्या खुंटे, मानसी सोनी, श्रेया, आरुषि शर्मा, टी गितांशी, एलिना मिश्रा की सहभागिता रही।

अटल यूनिवर्सिटी में नवीन कानून दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# नए कानून से अपराधियों को सजा और पीड़ितों को मिलेगा न्याय

कार्नर न्यूज

**भारतीय दंड संहिता में बदलाव**

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में नवीन कानून दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई ने की।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से भारतीय दंड संहिता बदलकर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में तब्दील हो जाएगा। पूर्व में जो भारतीय दंड संहिता में खामियां थी उसमें संशोधन करके इसे प्रतिस्थापित किया गया है। इंडियन पेनल कोड में 23 अध्याय और 511 धाराएं थीं, अब उनकी जगह 358 धाराएं होंगी। औपनिवेशिक शासन के दौरान अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानून का शासन था जो औपनिवेशिक साम्राज्य की सुविधा के लिए था ताकि वे अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकें। इस कानून में कई खामियां थी, जिनको बदलने की आवश्यकता थी और इस आधुनिक लोकतांत्रिक भारत में इसे और अधिक प्रासंगिक बनाने की आवश्यकता है। इसमें कानून से अपराधों को रोकने में काफी मदद मिलेगी। हम इस व्यवस्था से दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं, जिसमें भारत के जरूरतमंदों को न्याय मिलेगा और अपराधियों को दंड मिलेगा। इस व्यवस्था से हम ऑनलाइन एफआईआर भी कर सकते हैं । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ मनोज सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेंद्र दुबे एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण धर दीवान, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा एच एस होता ,सुमोना भट्टाचार्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### समय की मांग के तहत हुआ संशोधन

कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई ने कहा कि भारत ने वर्षों में सुदृढ़ता प्राप्त की है और प्रत्येक क्षेत्र में भारत का नाम गौरवान्वित है। चंद्रमा पर चंद्रयान भेजने की उपलब्धि हासिल की है। भारत ने यह उपलब्धि लोकतंत्र को जीवित रखते हुए प्राप्त की है। भारत संवाद में विश्वास रखता है और राष्ट्रीय हित में न्याय प्रक्रिया में संशोधन होना चाहिए, यही समय की मांग है। लोकतंत्र में लोक महत्वपूर्ण होता है, समय के रहते परिवर्तन होना चाहिए। 1947 से पहले और बाद की परिस्थितियां अलग-अलग हैं तथा उसमें परिवर्तन की आवश्यकता है।

### कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए

नए कानून में अपराध की कमाई से अर्जित की गई संपत्ति को कुर्की करने का भी प्रावधान किया गया है और साक्षी सुरक्षा योजना के अंतर्गत गवाहों की सुरक्षा के लिए भी पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए डॉक्टर को सात दिवस के अंतर्गत मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को देना होगा, इसका भी प्रावधान किया गया है। कुछ अपराधों में सजा के तौर पर कम्यूनिटी सर्विस का भी प्रावधान किया गया है। अपराधी से आवश्यकता पड़ने पर वॉइस सेंपलिंग लेने की भी अनुमति पुलिस को दी गई है। इस तरह से ऐसे बहुत सारे प्रावधानों को भारतीय न्याय संहिता में लाकर भारत के न्याय क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं और इसका लाभ देश की जनता को मिलेगा ।

## खबर संक्षेप

### गांजा की तस्करी कर रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** गांजा बिक्री के लिए ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने वाहन के साथ गांजा जब्त करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार क्षेत्र में लगातार मादक पदार्थ बिक्री की सूचना मिल रही थी और पुलिस अपराधियों पर नजर गड़ाए बैठी थी। तभी 17 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बाइक क्रमांक सीजी 28 जे 9030 में अवैध रूप से बिक्री के लिए गांजा लेकर जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मुंगेली और बिलासपुर की ओर से आ रही दूपहिया वाहनों की सघन तलाशी ली। इसी दौरान बाइक में आ रहे बरेला निवासी आदित्य सिंह ठाकुर, नरेश यादव तखतपुर और राहुल पटेल को रोककर तीनों आरोपियों की तालाशी ली। जिसमें पुलिस को डेढ़ किलो गांजा पेकिंग सहित जब्त किया इसके बाद पुलिस आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लेते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### गाय का मांस बेचने की सूचना पर चार गिरफ्तार



**तखतपुर।** गाय को काटकर मांस बेचने की जानकारी हिंदू संगठन ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 295ए, 10 एलसीजी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार टांडा में एक परिवार के द्वारा गाय को काटकर उसका मांस को बेचे जाने की सूचना विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दी। सूचना मिलते ही पुलिस ग्राम टांडा पहुंची और उस घर में दबिश दी, जहां पर गाय को काटकर मांस बेचे जाने की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने टांडा के पुन्नी अनंत के परिवार में पहुंची जहां पंकज अनंत, इंद्रजीत अनंत और रजनी घर में थे। जब पुलिस टांडा में पुन्नी अनंत के घर पहुंची तब सैकड़ों हिंदू संगठन के लोग नारेबाजी करते हुए खड़े थे। भारी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपियों के घर पहुंची। जहां पुलिस ने पाया कि एक कमरे में गाय के मांस कई टुकड़ों में पड़ा हुआ था। मांस के टुकड़ों देखकर हिंदू संगठन के लोग भड़क गए और तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। पुलिस आरोपियों को पकड़कर थाने लेकर आई तथा प्रार्थी विनय गुप्ता के रिपोर्ट पर इन चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 295ए, 10 एलसीजी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया। इधर बकरीद के दिन आरोपियों के द्वारा गाय का मांस बेचे जाने की सूचना और घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश था।

## निधन

### शशि गुप्ता



**बिलासपुर।** लिंक रोड मित्र विहार कालोनी निवासी शशि गुप्ता का निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 19 जून को उनके गृह ग्राम लोइंग रायगढ़ में किया जाएगा। वे एमबी गुप्ता की पत्नी एवं एक पुत्र विश्वास गुप्ता सहित 5 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

### शांता देवी गुप्ता



**बिलासपुर।** स्व. अमरनाथ शाह की पुत्रवधू शांता देवी गुप्ता पति -स्व. आशीर्वाद गुप्ता का निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 19 जून को सुबह 10. 30 बजे मधुबन मुक्तिधाम दयालबंद में होगा। वे विश्वनाथ, धीरेन्द्र, विनोद गुप्ता व रमेश गुप्ता की माता थीं।

### डॉ सीताराम पांडेय



**बिलासपुर।** रहंगी चकरभाठा निवासी डॉ सीताराम पांडेय का 18 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सजय व सूर्यप्रकाश पांडेय के पिता थे।

### श्रीमती सुमन सोनी



**लोरमी।** ग्राम सोनपुरी निवासी श्रीमती सुमन सोनी का 67 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वे पति सुरेश कुमार सोनी की पत्नी थीं। जिनका अंतिम संस्कार मंगलबार को गृह ग्राम सोमपुरी में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### अनुपस्थित अफसरों पर सदस्यों ने जताई नाराजगी

# सामान्य सभा में उठा बच्चों की शिक्षा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनपद पंचायत तखतपुर की सामान्य सभा में विचारपुर में प्राथमिक शाला भवन का शेड आंधी में उड़ जाने के कारण वहां अभी तक कोई मरम्मत नहीं होने तथा बच्चों के बैठने और पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं होने का मामला उठा। बैठक में खाद्य, राजस्व सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर जनपद सदस्य योगेश साहू सहित सभी जनपद सदस्यों ने आक्रोश प्रकट किया। तथा कहा कि आगामी बैठक में यदि सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित नहीं होंगे तो जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना देंगे।

जनपद पंचायत तखतपुर के सामान्य सभा की बैठक आज अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी जुगल किशोर कौशिक की



बैठक में उपस्थित सदस्य।

उपस्थिति में की गई। जहां नव पदस्थ सीईओ एलके कौशिक ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का स्वागत कर बैठक शुरू की गई। बैठक में जनपद सदस्य योगेश साहू ने कहा कि हर बार की तरह इस बैठक में भी कई विभाग के अधिकारी जानबूझकर उपस्थित नहीं हैं। जिसके कारण कई जानकारियां नहीं मिल पाती। क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पता है। खासकर राजस्व और खाद्य विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर राशन कार्ड, नक्शा, खसरा, आय जाति की जानकारी नहीं मिलती है। यदि आगामी बैठक में सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित नहीं होंगे तो बैठक का बहिष्कार कर कार्यालय के सामने धरना पर बैठने की चेतावनी दी। जनपद सीईओ ने आश्वस्त किया कि आगामी बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। जनपद सदस्य सुभाष बंजारे ने कहा कि प्राथमिक शाला विचारपुर का भवन जिस पर टीन का शेड लगा हुआ था वह आंधी तूफान से उड़ गया है। जिसके कारण वहां पर बच्चों के बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। यदि तत्काल वहां पर व्यवस्था नहीं की गई तो बच्चे वहां पढ़ नहीं पाएंगे। इस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्राथमिक शाला विचारपुर के लिए आरईएस से 15 लाख का एस्टीमेट बनाकर प्रस्ताव सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजा गया है। बैठक में उपस्थित बीएमओ ने स्वास्थ्य विभाग तथा आगामी वर्षा ऋतु में बीमारी के रोकथाम की जानकारी दी। कृषि विभाग ने किसानों के लिए खाद, बीज और मिनी किट के संबंध में जानकारी दिया।

## नगर निगम के दो इंजीनियर को एसीबी की टीम ने घूस लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डी सी सोनकर



देवेंद्र स्वर्णकार

नगर निगम के सहायक अभियंता व उप अभियंता को निर्माण कार्य के रनिंग बल व फाइनल बिल में 2 प्रतिशत की कमीशन की राशि के 35 हजार रुपए नगद घूस लेते हुए बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की कार्यवाही से विभाग में हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन की टीम लगातार घूसखोरों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के ढोढ़ीपारा के पूर्व पार्षद मनकराम साहू ने बिलासपुर एसीबी से लिखित में शिकायत की थी कि नगर निगम कोरबा के दर्री जोन के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार द्वारा निर्माण किए गए कार्य की एवज में रनिंग बल व फाइनल बिल के भुगतान करने के लिए 2 प्रतिशत कमीशन की डिमांड की जा रही थी। मनकराम साहू ने खुद से 42 हजार की डिमांड किए जाने की शिकायत की थी। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अधिकारियों को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ने की योजना बनाई। मंगलवार को टीम कोरबा पहुंची। जहां कमीशन की राशि के रूप में 35 हजार रुपए लेते हुए सहायक अभियंता डी सी सोनकर व उप अभियंता देवेंद्र कुमार स्वर्णकार को एसीबी ने रंगेहाथ पकड़ लिया। जहां दोनों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात रहे कि पिछले माह की एंटी करप्शन की टीम ने पाली में भी घुस लेते हुए नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी को रंगेहाथों पकड़ा गया था। अब एसीबी की टीम ने नगर निगम ने कार्यवाही की है जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

### घूसखोरों पर कसेगा शिकंजा

जिले के सरकारी विभागों में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी भोले भाले लोगों से काम करने की एवज पर मोटी रकम की मांग करते हैं। राज्य सरकार ने एसीबी को फ्री हैंड कर दिया है और ऐसे लोगों को जमकर सबक सिखाने का फरमान जारी किया है। जब से सरकार का गठन हुआ तब से एसीबी की टीम प्रदेश भर के विभिन्न जिलों पर घूसखोरों के खिलाफ लगातार एक्शन में नजर आ रही है। निश्चित तौर पर एसीबी की इस की कार्रवाई से ऐसे घूसखोर अफसर व कर्मचारियों पर शिकंजा कसेगा।

## केंद्रीय राज्य मंत्री साहू के नगर आगमन पर जगह-जगह किया जाएगा स्वागत

**तखतपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का प्रथम बार नगर आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।



जिसमें दोपहर 3 दिवाकर पेट्रोल पम्प के सामने ब्राह्मण समाज द्वारा स्वागत व सम्मान, 3:20 में बेलसरी नाका में पार्षद सुनील आहूजा, राज कुमार यादव द्वारा स्वागत 3:40 अपराह्न, पार्षद प्रतिभा काशी देवांगन के घर के सामने, पार्षद प्रतिनिधि काशी देवांगन, पूर्व नगर पालिका एल्डरमैन गुलजीत खुराना द्वारा स्वागत अपराह्न 4:40 अपराह्न, 5 पूर्वाह्न शाम 5:20 बजे स्वागत द्वार के पास भाजपाजनों द्वारा नया बस स्टैंड के पास मैन रोड में, पार्षद शिव देवांगन द्वारा स्वागत पुराना बस स्टैंड के पास, तखतपुर व्यापारी महासंघ द्वारा स्वागत मक्कड़ कॉम्प्लेक्स के सामने, पार्षद श्रीमती पुष्पलता नरेन्द्र रात्रे, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना बाला सिंह के निवास के सामने पडरिया रोड के पास स्वागत कार्यक्रम शाम 5:40 बजे, महामाया चौक के पास भाजपा नेता राजेश सोनी द्वारा स्वागत कार्यक्रम शाम छह बजे मंडी चौक में, भाजपा नेता विश्वनाथ यादव द्वारा स्वागत कार्यक्रम शाम 6:20 बजे शासकीय पूर्व कन्या महाविद्यालय के सामने, भाजपा युवा नेता प्रमोद सिंह ठाकुर द्वारा स्वागत कार्यक्रम शाम 6:40 बजे रामनगर गेट के सामने, साहू समाज द्वारा स्वागत कार्यक्रम शाम सात बजे तखतपुर कार्यालय पड़रिया रोड में तखतपुर प्रेस क्लब द्वारा सम्मान व स्वागत किया जाएगा।

## किसान सम्मान निधि से किसान हो रहे आत्मनिर्भर

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी में आयोजित एक समारोह के दौरान किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी किया गया। जिसका प्रसारण जनपद सभाकक्ष में हुआ इस दौरान विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए।



उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को आत्मनिर्भरता मिलती है। धर्मजीत सिंह ने कृषि विभाग के द्वारा कार्यालय को तखतपुर मुख्यालय से चोरभट्ठी सीसल प्लांट ले जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने अनुभागी अधिकारी राजस्व से चर्चा कर 3 दिन के अंदर तखतपुर पुराने एसडीएम कार्यालय में विभाग वापस लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग कार्यालय के मरम्मत का स्टीमेट बनाकर देने और जल्दी सुधार कराकर देने का भी निर्देश दिया। पीएम ने बटन दबाकर 9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किस्त के 2-2 हजार रुपए डिजिटल ट्रांसफर किए। प्रसारण के दौरान संतोष कौशिक, जनपद अध्यक्ष राजेश्वरी कौशिक, उपाध्यक्ष दिव्या मिश्रा, अमरिका साहू, वंदना सिंह, प्रतिभा देवांगन, शिप्रा सामुएल, मालती यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## युवक पर चाकू से हमला 2 गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

आपसी विवाद में एक युवक को चाकू मारकर आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को हॉस्पिटल भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है।



पुलिस के अनुसार मल्हार वार्ड क्र.10 में रहने वाले रवि केवर्त पिता उमेंद 23 वर्ष पान दुकान चलाता है। सोमवार रात ग्राहकों को समान दे रहा था। तभी शाम 7:45 बजे के आसपास सोमू केवर्त, प्रशांत केवर्त व बुंदरु केवर्त पहुंचे। और पुलिस में केस किए हो कहकर गाली गलौज करने लगे। इस बीच सोमू केवर्त ने चाकू से रवि पर हमला कर दिया। जिससे आहत रवि दुकान से भागने का प्रयास कर रहा था उसी वक्त बुंदरू केवर्त ने अपने पास रखे धारदार चाकू से रवि के सीने में वार कर दिया। चाकू के वार से रवि को गंभीर चोट पहुंचा है। घायल रवि को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बिलासपुर रिफर कर दिया गया है। वही पुलिस ने मामले में धारा 307, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर दो आरोपी प्रशांत केवर्त और बुंदरू केवर्त को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक फरार आरोपी सोमू केवर्त फरार है।

## सीमेंट प्लांट की जनसुनवाई में मुआवजे पर हुई चर्चा

**मस्तूरी।** पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जिले के मस्तूरी ब्लॉक में प्रस्तावित अदाणी समूह की एसीसी सीमेंट प्लांट के लिए मंगलवार को जनसुनवाई सम्पन्न हुई।



कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पर्यावरण स्वीकृति के आदेश के लिए जनसुनवाई 18 जून को प्रातः 11 बजे से ग्राम लोहर्सी में आयोजित की गई। जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में बिलासपुर के अतिरिक्त कलेक्टर आरए कुरुवंशी तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकारी मनीष कश्यप मौजूद थे। परियोजना के बारे में जानकारी एसीसी सीमेंट,चिल्हाटी के खान प्रबंधक पिनाकपानी पांडे ने दी। जिसमें पचपेड़ी तहसील के ग्राम लोहर्सी सहित गोदाडीह, बोहारडीह, भुरकुंडा, इत्यादि गांव के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान सभा में ग्रामीणों द्वारा मुख्यरूप से क्षेत्र का विकास, भूमि का उचित मुआवजा, नौकरी और स्वरोजगार के लिए गांव से पलायन रोकने उचित प्रबंध सहित कई बातों तथा सुझावों को शांति पूर्वक रखा जिसे श्री कुरवंशी ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुनकर जरूरी सुविधाओं को संबंधित कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरा करने का भरोसा दिलाया। ग्राम लोहर्सी के सरपंच भानु प्रसाद ने जन सुनवाई के सफल होने पर खुशी जाहिर की।

### लहरिया ने किया सड़क का भूमिपूजन

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत सरगांव में जिला खनिज न्यास संस्थान से स्वीकृत पांच लाख की लागत से होने वाली 2.20 मीटर सीसी रोड निर्माण को लेकर विधायक दिलीप लहरिया ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सरपंच अमिता अजय यादव, पूर्व सरपंच रहसलाल मधुकर, जनपद सभापति दामोदर कांत ,युवा कांग्रेस नेता साहिल मधुकर सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## बलौदाबाजार हिंसा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

▪ बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन

बलौदाबाजार हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस ने हाईस्कूल के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडे शामिल हुए।

पूर्व विधायक श्री पांडे ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि जब ज़िले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षित नहीं है तो प्रदेश की जनता कैसे सुरक्षित होगी। बलौदा बाज़ार की घटना शासन की बड़ी भूल थी जो बाहर आ गई है। प्रदेश में क़ानून व्यवस्था चरमरा गई है। ज़िला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। पूर्व ज़िला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि बिजली दिन भर जाती है और सभी चीज महंगी हो रही है। जिससे जनता पर बहुत बोझ पड़ रहा है। पूर्व विधायक केके ध्रुव ने कहा कि जनता कांग्रेस के शासन में खुश थी। इस प्रकार की घटना प्रदेश में कभी नहीं होती थी। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने भी सभा को संबोधित किया।प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम अमित बेक को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह ने किया। इस मौके पर पंकज तिवारी, मनीष केशरी, रमेश साहू, प्रशांत श्रीवास, अर्चना पोर्ते, गजमती भानु, शंकर कंवर, गुलाबराज, ओमप्रकाश बंका, अमन शर्मा, अजय राय, पुष्पराज सिंह, अर्पित राय, पवन केशरवानी, वीरेंद्र बघेल, अनिल साहू, हरीश राय, हर्ष गोयल, संतोष ठाकुर, मदन सोनी, अमोल पाठक, नीलेश साहू, रियांश सोनी सहित कांग्रेस औऱ एनएसयूआई के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेसजन ने राज्यपाल के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन



एडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसजन।

**मुंगेली।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेसजनों ने कहा कि प्रसिद्ध जैतखाम में तोड़फोड़ के मामले में बिहार के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि वे लोग निर्दोष हैं और प्रशासन दोषियों को बचा रहा है। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, हेमेंद्र गोस्वामी, चंद्रभान बारमते, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, लोकराम साहू, संजय जायसवाल, नरेश पाटले, मंजू शर्मा, उर्मिला यादव, रामकुमार साहू, मनीष त्रिपाठी, इंद्रजीत कुर्रे, आरिफ खोखर, संजय सिंह ठाकुर, मंजीत रात्रे, सूरज यादव, भूपेंद्र साहू, जय सोनी, कलेश्वर गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।


**// ईश्तहार//**

मै मेरे मुवक्किल हरप्रसाद, बेदप्रसाद, रामप्रसाद तीनों पिता रामानुज एवं गोवर्धन प्रसाद पिता लक्ष्मीप्रसाद हीराबाई पति लक्ष्मीप्रसाद सभी निवासी ग्राम रिस्दा थाना व तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर ग्राम रिस्दा प.ह.न. 29 रा.नि.मं. व तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 293/2, 293/3, 293/4, 293/5 रकबा कुल 0.808 हे. भूमि को विक्रय करने हेतु क्रेता जगदीश कुर्रे पिता बी.आ. कुर्रे निवासी इलाहबाद (उत्तरप्रदेश) हाल मुकाम ग्राम रिस्दा थाना व तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा हुआ है जिसका रजिस्ट्री निकट भविष्य में 15 दिवस के भीतर होना है जिसको जगदीश कुर्रे के द्वारा जिस किसी भी व्यक्ति के पास रजिस्ट्री करने को कहा जायेगा उसके पास रजिस्ट्री किया जाएगा।

जिस किसी भी पक्षकार / व्यक्ति/संस्था/ बैंक अथवा कृषक या अन्य संस्था को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मेरे पास या उपरोक्त विक्रेता के पास दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

स्थान :- मस्तुरी
दिनांक :- 18-06-2024

भवदीय
श्री चंद्रशेखर जांगडे
अधिवक्ता
तहसील कार्यालय मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.न. 9826375845

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है मैं रूपा कुमारी उम्र 30 पति श्री सुरज कुमार निवासी रामकृष्ण नगर मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा मौजा मोपका प.ह.न. 19/29 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 931/16 मे से शामिल खसरा नं 932/3 रकबा 1200 वर्गफुट भूमि जिसके भूमि स्वामी विरेन्द्र सिंह चंदेल उम्र 57 वर्ष पिता हरिहर सिंह चंदेल निवासी सी 79 कसटेक 03 निगाही प्रोजेक्ट गोपदबनास सीधी मध्यप्रदेश से क्रय करने का पक्का सौदा कर मेरे द्वारा बयाना राशि प्रदान कर दिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपन समाचार के प्रकाशन के 08 दिवस के भीतर मुझसे संपर्क आपत्ति दर्ज कर सकते है. जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

कृपया अवगत हो ।
भवदीय
रूपा कुमारी
पति श्री सूरज कुमार निवासी रामकृष्ण नगर मोपका बिलासपुर छ.ग.
मोबाईल नं 8839501244.
7999548858

**// आम सूचना //**

मैं अपने पक्षकारगण मालिकराम महरा, उम्र 43 वर्ष एवं अनिल कुमार महरा, उम्र 35 वर्ष, दोनों पिता श्री भुखउ राम निवासी ग्राम विंझासर, प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. पेण्डारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगण के पिता श्री भूखउ राम पिता चमरूराम महरा जो कि ग्राम विंझासर प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. पेण्डारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि / मकान मेरे पक्षकारगण के दादा स्व. चमरूराम के सम्पति का फौती नामांतरण कर मेरे पक्षकारगण के पिता जी अपने नाम पर करवाया जिससे मेरे पक्षकारगण के पिता जी अपने बड़े पुत्र धरमलाल के नाम पर करूंगा कहकर अपने छोटे पुत्रों / मेरे पक्षकारगणों को हिस्सा नहीं दूंगा तथा वर्तमान में मेरे पक्षकारगण के पिता जी द्वारा उक्त वर्णित खसरा नंबर की भूमि को बेचकर अपने बड़े पुत्र के लिये घर बना रहा है, जिसे हमारे द्वारा हिस्सा मांगने पर टालमटोल करते चले आ रहे है। आम सूचना के माध्यम से यह प्रकाशन करा रहे है कि ग्राम विंझासर प.ह.नं. 46 में स्थित खसरा नंबर 105, 129, 138/1, 563/3, 698, 806/3, 995/2, 1041/3, 1142/3, 1161/2, 1172/3, 1179/3 स्थित भूमि पिता-पुत्र के बीच विवादित भूमि है। अतः कोई भी व्यक्ति / शासकीय-अर्द्धशासकीय संस्थायें, बैंक, मेरे पक्षकारगण के पिता श्री भुखउ राम से उक्त वर्णित भूमियों के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई भी संव्यवहार / सौदा न करें, अन्यथा संव्यवहार करने वाले व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व प्राप्त नही होगा और उसके विरूद्ध मेरा पक्षकारगण सक्षम न्यायालय के समक्ष सिविल, दाण्डिक एवं प्रतिकर संबंधी कार्यवाही संस्थित करेंगे, जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे एवं नुकसानी के जवाबदार वे स्वयं होंगे।

सो सूचना जाने !
दिनांक - 18/06/2024
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
(महेश अहिरवार )
अधिवक्ता
मो.नं. 7987861140

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

राजस्व प्रकरण क्रमांक-344/अ-20 (1)/2023-2024

पक्षकार- श्री प्रशांत, निशांत शर्मा पि. बलदाऊ शर्मा आवेदक
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन----------अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत निशांत शर्मा पिता बलदाऊ शर्मा निवासी आनंद भवन जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 02 प्लाट नंबर 44/12 रकबा 299 वर्गफीट भूमि को स्थायी पटटे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतू उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पटटा समाप्ति की तिथि 1/4/2009 लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतू प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 26/6/2024 को स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं आवेदक / आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 10/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. - 00040 तिफरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324400108600119

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम तिफरा के वर्तमान भूमिस्वामी मृदुला पिता/पति - अशोक पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 56/13 (0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता सुरेन्द्रनाथ दुबे पिता/पति शम्भूनाथ दुबे पता- मगरपारा रोड मदर टेरेसा वार्ड जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.), साधना दुबे पिता/पति- सुरेन्द्रनाथ दुबे पता - मगरपारा रोड मदर टेरेसा वार्ड जरहाभाठा बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/06/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार Atul Vaishnav
तहसील - बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

क्रमांक /Q/ वा. तह. बोदरी / 2024
बोदरी दिनांक 14/06/2024

एदत द्वारा ग्राम बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक सीताराम पाल पिता पंचराम पाल निवासी वार्ड क्रमांक 11 चकरभाठा कैंम्प तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बोदरी प.ह.न. 01 म.न. 05 तहसील बोदरी स्थित भूमि खसरा नंबर 411 रकबा 0.60 एकड़ भूमि को छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बिल्हा में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ हैं।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 03/07/2024 तक कर सकता है। समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी ।

आज दिनांक 14/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मासूमा बेगम पति श्री जाकिर अली निवासी वार्ड क्र.44 एम.न. 187 इमामबाड़ा ईरानी चौक के पास लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्नानुसार आमसूचना प्रकाशित करती हूं कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता कमला पति स्व. बहादुर पाली एवं प्रदीप पाली पिता स्व. बहादुर पाली दोनों निवासी एक्शन एक्सक्लूजिव शोरूम नियर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रताप चौक बिलासपुर जिला बिलासपुर के संयुक्त हक, स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि मौजा चांटीडीह बिलासपुर, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 381 रकबा 0.360 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि अदा किया गया है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री करायी जावेगी।

उपरोक्त क्रय विक्रय के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था आदि को आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर मय समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जायेगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
श्रीमती के विजयलक्ष्मी
(अधिवक्ता)
जिला न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827963242

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 771/अ-6-अ /2023-24
ग्राम-उस्लापुर, तहसील - सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजकुमारी सिंगरौल, पति श्री नारायण प्रसाद निवासी मोंछ तहसील तखतपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर पहनं, 60 स्थित भूमि खसरा नंबर 127/29 रकबा 0.0115 हेक्टेयर जो आनलाईन रिकार्ड में राजकुमारी पिता नारायण प्रसाद, उत्तरा बाई पति राजेश कुमार एवं नीलम पिता अवश्नी कुमार के संयुक्त नाम पर दर्ज चला आ रहा है उक्त अनलाईन रिकार्ड में आवेदिका का नाम राजकुमारी पिता श्री नारायण प्रसाद है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधारकर राजकुमारी पति नारायण प्रसाद एवं अन्य सहखातेदारों का नाम यथावत लिखा जाकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03/7/24 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 06/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 769/अ-6-अ /2023-24
ग्राम-उस्लापुर, तहसील - सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजकुमारी सिंगरौल, पति श्री नारायण प्रसाद निवासी मोंछ तहसील तखतपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर पहनं, 60 स्थित भूमि खसरा नंबर 141/1/ट रकबा 0.0220 हेक्टेयर जो आनलाईन रिकार्ड में राजकुमारी पिता नारायण प्रसाद, उत्तरा बाई पति राजेश कुमार एवं नीलम पिता अवश्नी कुमार के संयुक्त नाम पर दर्ज चला आ रहा है उक्त आनलाईन रिकार्ड में आवेदिका का नाम राजकुमारी पिता श्री नारायण प्रसाद के स्थान पर राजकुमार नारायण प्रसाद दर्ज जिसे सुधारकर राजकुमारी पति नारायण प्रसाद एवं अन्य सहखातेदारों का नाम यथावत लिखा जाकर के नाम पर राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 03/7/24 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 06/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 18/06/2024

प्रति, 1. अर्चना बाजपाई आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. ममता गौरी 3. धीरेन्द्रनाथ मिश्रा 4. थेप्पे

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ ना. बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/तह./ ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 22/03/2024

ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 641/18 रकबा 0.0220 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका अर्चना बाजपाई पिता/ पति सुनील कुमार बाजपाई के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 22/06/2024 को समय 11:00 बजे से किया जाना है। अतः उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
सरकण्डा


मान. श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्यमंत्री, आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार
बनने पर प्रथम नगर आगमन पर
नंदन वंदन...अभिनंदन...
श्रीमती अमरीका कृष्ण कुमार साहू
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद तखतपुर
संकलनकर्ता
दिलीप तोलानी
राजू सिंह ठाकुर

## खबर संक्षेप

### सह महासचिव बने मुकेश मरावी

**बिलासपुर**। विद्युत विभाग के ठेका श्रमिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश मरावी को छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ ने प्रदेश सह महासचिव बनाया है। यह नियुक्त पत्र महासंघ के प्रदेश महासचिव भूपेन्द्र साहू ने जारी किया है। वे संगठन के विस्तार के साथ ही अन्य रणनीतियों में संघ का काम देखेंगे। उनके सह सचिव बनने पर संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष संदीप द्विवेदी, सौरभ मिश्रा, अजीत नाविक, अजय राय, चुम्मन साहू ने खुशी जाहिर की है।

### मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर मारपीट

**बिलासपुर**। मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, परसदा निवासी राजू वस्त्रकार पिता नारायण वस्त्रकार 17 जून को रात में बस स्टैण्ड में बैठा हुआ था। इसी दौरान पिंटू सतनामी उस पर अपने भाई का मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। राजू ने गाली देने से मना किया तो उसने लोहे की पट्टी से जमकर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने राजू की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कबाड़ी ने युवक से की मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। सड़क में खड़ी गाड़ी हटाने के लिए बोलने पर कबाड़ी ने बाइक सवार युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर कबाड़ी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मध्यनगरी चौक सहगल गली निवासी उमाशंकर सोनी 18 जून को बाइक से ज्वेलरी दुकान जा रहे थे। सुबह 11.15 बजे खपरगंज सोहेल कबाड़ी के दुकान के सामने एक गाड़ी थी। श्री सोनी ने कबाड़ी को गाड़ी हटाने कहा तो कबाड़ी ने गुंडागर्दी करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्लास्टिक के घमेला से जमकर मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर कबाड़ी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्रिकेट खेलने के नाम पर युवक को पीटा

**बिलासपुर**। क्रिकेट खेलने के नाम पर एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा शिवा चौक निवासी शुभम सूर्यवंशी 17 जून को सुबह 10 बजे दोस्तों के साथ तिफरा सरकारी स्कूल के मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। खेलने के दौरान बाल मैदान में बैठे बांदुल उर्फ सिद्धार्थ वर्मा के पास चला गया तो उसने बाल रख लिया। वह बाल मांगने गए तो तुम लोग यहां फिर से क्रिकेट खेलने लगे कहते हुए बांदुल वर्मा एवं उसके साथियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने शुभम की रिपोर्ट पर हमलावर बांदुल उर्फ सिद्धार्थ वर्मा, उज्जल जतीन एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। सिविल लाइन थाना प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया कि सूचना मिली एक युवक महाराणा प्रताप चौक पर चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर उसलापुर गीता पैलेस के पास रहने वाले अनुराग चौधरी 21 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**सालों से निरस्तीकरण की प्रक्रिया पेंडिंग**

**उद्योग विभाग ने जारी किया नोटिस, रेवड़ी के तरह बंटी भूमि का होगा पंजीयन निरस्त**

# आबंटित जमीन पर 3 साल से नहीं लग सका उद्योग, अब निरस्तीकरण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार बदलते ही नई व्यवस्था शुरू हो चुकी है, सालों से जमीन आबंटित नहीं कराने वाले उद्योगों पर अब जल्द ही कार्रवाई के आसार नजर आ रहे हैं।

- **कई उद्योगपतियों के जवाब से आला अधिकारी संतुष्ट नहीं**

उद्योग विभाग ने पिछले 3 सालों में जिन उद्योगों को जमीन आबंटित की गई और उद्योग की स्थापना नहीं हो सकी है, ऐसे उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर विभाग जमीन आबंटन रद्द करेगा। औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड आबंटन के बाद उत्पादन शुरू नहीं कर पाने वाले उद्योगपतियों पर जल्द ही गाज गिर सकती है। सरकार ऐसे उद्योगपतियों से जमीन वापस लेने के मूड में है। हाल ही में मंत्री की फटकार के बाद दो उद्योगपतियों से जमीन वापस लेने के आदेश जारी किए गए थे। सचिवों की बैठक के बाद उद्योग विभाग को ऐसे में उद्योगपतियों की लिस्ट तैयार करने का काम सौंप दिया है। इसके साथ ही जिन उद्योगों ने औद्योगिक क्षेत्रों में जबरिया कब्जा जमा लिया है, उन्हें भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद विभाग भी नोटिस पर नोटिस जारी कर रहा है।

करीब 40 से अधिक उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर 30 दिनों के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। 3 साल पूरे होने और उद्योगों नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों से सीधे जमीन वापस ली जाएगी, वहीं उत्पादन नहीं दिखाने वाले उद्योगपतियों पर भी कार्रवाई तय है। खास बात ये है कि निरस्तीकरण होने के बाद भी उद्योगपति जमीन आबंटन के मामले को कोर्ट में घसीटने लगते हैं, जिससे मामला उलझता चला जाता है। करीब ऐसे 150 सौ से अधिक केस जिला न्यायालय, विभागीय कार्यालय में पेंडिंग हैं। ऐसे में इस बार विभाग उत्पादन शुरू नहीं करने वाले पर सीधे तौर पर निरस्तीकरण कर जमीन वापस लेने की योजना बना रहा है।


उद्योगों के लिए आबंटित भूमि का उपयोग नहीं होने पर निरस्तीकरण की तैयारी कर रही सरकार।

**निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी**

3 साल के बाद भी उत्पादन नहीं करने वाले उद्योगों के जमीन आंबटन निरस्त करने का आदेश मिला है। विभागीय जांच चल रही है। दो उद्योगपतियों का जमीन आबंटन निरस्त किया जा चुका है। वहीं कई उद्योगपतियों ने अपना जवाब प्रस्तुत किया है, जिसका भौतिक सत्यापन दस्तावेज और मौका निरीक्षण के बाद ही किया जाएगा। अगले हफ्ते तक यह काम पूरा करने के बाद कुछ अन्य उद्योगपतियों पर भी निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

-एमएल कुसरे
मुख्य महाप्रबंधक, उद्योग

**आगामी बरसात को लेकर सदस्यों ने कहा सफाई नहीं हुई तो सड़कों पर भरेगा पानी**

# तीन माह बाद हुई एमआईसी की बैठक में नाली, पानी और साफ-सफाई पर हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में तीन महीने बाद मंगलवार की शाम मेयर इन कौंसिल की बैठक हुई। ये बैठक काफी लंबी चली और बैठक में आगामी बरसात को देखते हुए नाली, पानी, साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों ने हल्ला मचाया।

नगर निगम में इससे पूर्व 13 मार्च को एमआईसी की बैठक हुई थी। उसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई। इसलिए बीच में तीन महीने तक एमआईसी की बैठक नहीं हो पाई। मंगलवार की शाम चार बजे विकास भवन में महापौर रामशरण यादव, सभापति शेख नजरूद्दीन, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, अपर आयुक्त खजांची कुमार सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में एमआईसी की बैठक शुरू हुई, जो शाम करीब साढ़े छः बजे तक चली। बैठक में सदस्यों ने पानी, नाली, सफाई जैसे मुद्दों पर हल्ला मचाया। आगामी बरसात को लेकर पानी निकासी की समस्या एवं नाला, नालियां जाम होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सफाई नहीं हुई तो बारिश होने पर शहर में जगह-जगह पानी भरेगा। बीडीए की कॉलोनियों में नागरिकों से दोहरे टैक्स की वसूली का मामला भी उठा। इस मामले में राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय हुआ। कालोनियों के लोगों से भू भाटक एवं प्रापर्टी टैक्स दोनों की वसूली हो रही है।


मंगलवार की शाम विकास भवन में आयोजित मेयर इन कौंसिल की बैठक में शहर के मुद्दों पर चर्चा करते सदस्य।

**रखे गए 28 एजेंडे**

नगर निगम में तीन महीने बाद एमआईसी की बैठक हुई, इसलिए इसमें एजेंडों की संख्या भी अधिक रही। बैठक में कुल 28 एजेंडे रखे गए थे, जिसमें नाला, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पाइप लाइन बदलने निविदा, सामुदायिक भवन निर्माण, स्ट्रीट लाइट के लिए टेंडर, सफाई श्रमिक ठेका जैसे एजेंडे शामिल थे। एमआईसी में राघवेन्द्र राव सभा भवन को सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए किराए पर दिए जाने का दर निर्धारण किया गया है।

**रघुराज सिंह स्टेडियम में बिछेगी हरियाली**

खेल व शिक्षा विभाग के चेयरमैन व एमआइसी सदस्य विजय केशरवानी ने मेयर इन काउंसिल की बैठक में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को तय मापदंड के अनुरूप विकसित करने व सजाने संवारने तीन प्रस्ताव रखा। अध्यक्ष केशरवानी ने कहा कि स्टेडियम में हरियाली बिछी रहे इसके लिए मैदान में घास लगाने व मैदान के अंदर पानी के लिए स्प्रिंकलर की भी व्यवस्था हो। खिलाड़ियों के लिए पेवेलियन की व्यवस्था भी जरूरी है। पवेलियन में सभी तरह की सुविधा खिलाड़ियों को मिलनी चाहिए। इससे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपना और शहर का नाम रौशन करेंगे। मेयर इन काउंसिल के सदस्य व खेल विभाग के अध्यक्ष विजय केशरवानी के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में उपस्थित कमिश्नर अमित कुमार ने अध्यक्ष व एमआइसी सदस्यों को बताया कि रघुराज स्टेडियम में हरियाली बिछाने के अलावा सप्रिंकलर की व्यवस्था जल्द की जा रही है । इसके लिए कलेक्टर ने सहमति भी दे दी है। कमिश्नर ने बताया कि प्रथम चरण में इसके लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है।

**फ्लड लाइट की मिल रही सुविधा**

खिलाड़ियों की सुविधा के लिए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में एमआइसी सदस्य व खेल विभाग के चेयरमैन विजय केशरवानी की पहल पर फ्लडलाइट की व्यवस्था की गई है। फ्लडलाइट की रोशनी में अब रात में भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# 8 दिनों में 173 शिकायत, निगम ने 24 घंटे में सुधारी

**बिलासपुर**। शहर में खराब या बंद हो चुकी स्ट्रीट लाइट को सुधारने और चालू करने नगर निगम ने अभिनव पहल की है, जिसके सकरात्मक परिणाम सामने आए हैं। खराबी आने पर अब शहर की स्ट्रीट लाइट 24 घंटे के भीतर सुधार लिए जाते हैं, जिससे अंधेरा नहीं होता और नागरिकों की शिकायतें भी कम हुई है। व्यवस्था में बदलाव करने से खराबी आने पर जल्दी सूचना मिल जाती है और तत्काल निराकरण कर लिया जाता है।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निगम सीमा अंतर्गत लगी स्ट्रीट लाइट रात में हमेशा चालू रहे और अगर कहीं खराबी आए तो तत्काल उसे ठीक कर लिया जाए, इसके लिए नई व्यवस्था बनाते हुए उसे क्रियान्वित किया है। पिछले 8 दिनों के रिकार्ड को देखने से पता चलता है कि शहर में 173 स्ट्रीट लाइट के बंद होने और खराब होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल रिस्पांस करते हुए टीम ने स्ट्रीट लाइट को सुधार कर फिर से चालू किया है। 10 जून से 18 जून तक 173 स्ट्रीट लाइट में खराबी की जानकारी मिली थी जिसे ठीक कर लिया गया। इस व्यवस्था से काफी हद तक शहर में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सुधरी है और नागरिकों द्वारा किए जाने वाली शिकायतों में कमी आई है।

**निगम ने जोन क्षेत्र में सुधार के लिए 7 अलग-अलग टीम बनाई**



**ऐसे काम करती है टीम**

नई व्यवस्था के तहत निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निगम के प्रकाश विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की सात अलग-अलग टीम बनाने के निर्देश दिए। 6 अलग-अलग टीम जोन क्षेत्र में सुधार के लिए और एक टीम को विशेष रूप से जांच करने के लिए रखा गया है। इस टीम में चार कर्मचारी शामिल हैं। बंद या सेक्शन खराब की जानकारी मिलने के बाद तत्काल बाकी की 6 टीम अपने-अपने जोन क्षेत्रों में उन्हें ठीक करने निकल जाती है और शाम तक किए गए कार्य और वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट देती है। कार्यपालन अभियंता रोजाना शाम को निगम कमिश्नर को रिपोर्ट सौंपते हैं। निगम कमिश्नर ने सात टीम तैयार करते हुए एक टीम को स्ट्रीट लाईट को चेक करने का जिम्मा सौंपा है बाकी 6 टीम को आठ अलग-अलग जोन क्षेत्र में बांटते हुए शिकायतों के निराकरण का जिम्मा दिया है।

**आने वाले समय में हाईटेक बनाया जाएगा**

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि स्ट्रीट लाइट की मरम्मत और रखरखाव समयबद्ध तरीके से हो और स्ट्रीट लाइट हमेशा चालू रहे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए मेटनेंस सिस्टम को हाईटेक बनाया जाएगा।

### कोन्हेर गार्डन के पास से संदिग्ध महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर**। देह व्यापार की शिकायत पर पुलिस ने कोन्हेर गार्डन के पास दबिश देकर एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि कोन्हेर गार्डन के पास संदिग्ध महिलाओं का जमावड़ा लग रहा था। उक्त महिलाओं द्वारा देह व्यापार किया जा रहा था। मंगलवार को एडीशनल एसपी उमेश कश्यप को कोन्हेर गार्डन के पास देह व्यापार करने वाली महिलाओं के खड़े होने की शिकायत मिली। उन्होंने तत्काल सिविल लाइन पुलिस को गार्डन के पास खड़ी होने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मूलतः बेलतरा हालमुकाम सरकण्डा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर वह वहां खड़े होने का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी श्री कश्यप ने महिला थाना को लगातार कोन्हेर गार्डन के पास सर्चिंग करने व संदिग्ध रूप से खड़े होने वाली महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

**भाजपा कोर ग्रुप की बैठक**

# परिसीमन व प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष के चुनाव पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव निपट गया है और आगे नगरीय निकाय चुनाव है। इसके पूर्व नगरीय निकायों का परिसीमन होने जा रहा है। इसलिए भाजपा कोर ग्रुप में नगरीय निकायों के परिसीमन एवं नगर निगम सहित नगर पंचायतों में महापौर व अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने का मुद्दा उठा है।

आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से चिंतन शुरू कर दिया है। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में भी नगरीय निकाय चुनाव ओर उससे पूर्व नगरीय निकायों के परिसीमन का मुद्दा छाया रहा। सोमवार को देर रात तक भाजपा कार्यालय में कोर ग्रुप की मीटिंग चली। इसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव समेत बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, महामंत्री मोहित जायसवाल, घनश्याम कौशिक आदि सदस्य उपस्थित रहे। कोर ग्रुप की बैठक में आगामी संगठन के कार्यों के अलावा प्रमुख रूप से जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उसमें आगामी नगरीय निकाय चुनाव और चुनाव पूर्व होने जा रहे परिसीमन का विषय शामिल था। कोर ग्रुप की बैठक में प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव का मुद्दा उठा और अधिकांश सदस्यों का कहना था कि नगर निगम में महापौर और नगर पंचायतों में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाना चाहिए। इस पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कहा कि यह विषय राज्य सरकार का है और सरकार ही इसका फैसला लेगी। इसलिए राज्य सरकार तक यह बात पहुंचाई जाएगी। क्योंकि राज्य सरकार के निर्णय पर ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होना है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से कार सवार युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से कार सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, जशपुर कुनकुरी सिलयाटोली निवासी रितिक शुभम एक्का रायपुर दुर्गा कालेज में पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं। सोमवार को वह अपने चाचा अरनाल्ड बड़ा, भाई मयंक कुजूर व बहनों को कार क्रमांक सीजी 04 पीएच, 3112 में रायपुर जा रहे थे। रात 10.15 बजे हिर्री भवानी ढाबा के आगे सड़क पर एक ट्रक खराब होकर खड़ी हुई थी। वह ट्रक के बगल से अपनी कार निकल रहे थे। इसी दौरान पीछे से ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एए, 4557 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार खड़े ट्रक से टकरा गई।

हादसे में कार सवार शिल्पा एक्का को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सीबीएसई की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से

**बिलासपुर**। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने क्लास 10 और क्लास 12 के सप्लीमेंट्री एग्जाम के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सिर्फ वो स्टूडेंट्स सप्लीमेंट्री एग्जाम दे सकते हैं, जिन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया हो और जिनके मार्क्स प्रैक्टिकल को मिलाकर 33% से कम हों। सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के सप्लीमेंट्री एग्जाम 15 जुलाई से शुरू होंगे। शेड्यूल के मुताबिक क्लास 12 के सभी सब्जेक्ट्स के लिए सप्लीमेंट्री एग्जाम 15 जुलाई को होंगे। जल्द ही बोर्ड क्लास 10 के लिए सप्लीमेंट्री एग्जाम का शेड्यूल जारी करेगा। एग्जाम देने के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट 15 जून है। ज्ञात हो कि सप्लीमेंट्री एग्जाम में पास होने के लिए ज्यादा से ज्यादा तीन मौके मिलेंगे। जुलाई में होने वाले एग्जाम के बाद अगले साल फरवरी-मार्च और जुलाई-अगस्त में भी सप्लीमेंट्री एग्जाम दे सकते हैं। क्लास 10 में 32 सब्जेक्ट्स में सप्लीमेंट्री एग्जाम दे सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# दो लाख के जेवर से भरा बैग ऑटो में भूला, एसपी ने लौटाया

**बिलासपुर**। बेमेतरा से शहर आए एक यात्री का 2 लाख के जेवर से भरा बैग आटो में छूट गया। ट्रैफिक पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आटो चालक को खोजकर जेवर सहित बैग सुरक्षित बरामद कर लिया। एसपी ने जेवर सहित बैग यात्री को लौटाया।

17 जून की शाम बेमेतरा नारायणपुर निवासी अनिल डिडसेना परिवार के साथ बस से हाईटेक बस स्टैण्ड आए। वहां से आटो में सवार होकर महाराणाप्रताप चौक आए और रेलवे स्टेशन जाने के लिए दूसरा आटो बदल रहे थे। इसी दौरान 2 लाख के जेवर से भरा बैग उक्त आटो में छूट गया। कुछ दूर जाने पर उक्त बैग के गायब होने की जानकारी हुई। जिससे वह आटो से उतर गए और उक्त आटो की तलाश में जुट गए। कुछ पता नहीं चलने पर श्री डिडसेना ने अपने परिचित के माध्यम से आटो में बेग छूट जाने की जानकारी ट्रैफिक एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर को दी। श्री चंद्राकर के निर्देश पर आरक्षक संतोष राठौर श्री डिक्सेना को लेकर आईटीएमएस कंट्रोल रूम लेकर गए। सीसीटीवी फुटेज देखकर उन्होंने आटो को पहचान लिया। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने आटो चालक को बुलाकर जेवर सहित बेग सुरक्षित बरामद कर लिया।


जेवर से भरा बैग यात्री को लौटाते एसपी रजनेश सिंह।

मंगलवार को एसपी रजनेश सिंह ने जेवर से भरा बेग यात्री को लौटाया। यात्री श्री डिक्सेना ने बैग सुरक्षित मिलने पर एसपी को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि दो दिन पहले एसपी श्री सिंह ने गुम हुए 200 मोबाइल बरामद कर लोगों को लौटाया था।

